**खबर संक्षेप**

## स्कूलों के बाहर डायल 112 की गश्त बढ़ाने की मांग

**रादौर।** कस्बा रादौर में स्कूलों की छुट्टी के समय मनचले बिना नंबर की बाइको पर स्कूल की छात्राओं को बेखोफ छेड़ रहे हैं। स्थानीय निवासी सतीश सैनी, राज कुमार शर्मा, रामकुमार कांबोज, सुरेंद्र सिंह, कुलविंदर सिंह, प्यारेलाल, कुलभूषण, मनीष कुमार आदि ने बताया कि छुट्टी के समय मनचले बिना नंबर की बाइको पर बेखौफ होकर छात्राओं को छेड़ते हैं। उन्होंने पुलिस प्रशासन से छुट्टी के समय डायल 112 के माध्यम से पुलिस गश्त बढ़ाने की मांग की। थाना रादौर प्रभारी आनंद प्रकाश ने कहा कि छुट्टी के समय वह स्वयं पुलिस की टीम के साथ मौके पर मनचलो पर अंकुश लगाने का काम करेंगे। वहीं उनकी बाइको को इंपाउंड किया जाएगा।

## अत्याधुनिक मशीनों से होगा रोगियों का उपचार

**कुरुक्षेत्र।** लोकनायक जयप्रकाश जिला नागरिक अस्पताल में सांस, शुगर से पीड़ित रोगियों के लिए रक्त में मौजूद गैसों एवं बाइ- काबोनेंट की मात्रा की रिपोर्ट अब रोगियों को मिलने लगेगी। इससे सांस से पीड़ित एवं मेटाबॉलिक-रेस्पिरेट्री एसिडोसिस के रोगियों के उपचार में मदद मिलेगी। यह जानकारी लोकनायक जयप्रकाश जिला नागरिक अस्पताल की कार्यकारी प्रधान चिकित्सा अधिकारी डॉ.सराह अग्रवाल ने दी।

### नगर निगम के सभी वार्डों में समान रूप से होगा विकास : मेयर

# बुनियादी सुविधाओं को सुदृढ़ करना नगर निगम का उद्देश्य

- मेयर सुमन बहमनी व पूर्व कैबिनेट मंत्री ने 69.70 लाख के विकास कार्यों का किया शिलान्यास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

नगर निगम मेयर सुमन बहमनी और पूर्व कैबिनेट मंत्री कंवरपाल ने शुक्रवार को वार्ड नंबर 5 के भारत सेवक नगर में 69.70 लाख की लागत से बनने वाली विभिन्न गलियों के निर्माण और स्टॉर्म वाटर लाइन डालने के कार्य का शिलान्यास किया। मेयर सुमन बहमनी निगम क्षेत्र के सभी वार्डों में समान रूप से विकास कार्य करवाए जाने का दावा जताया।

मेयर ने कहा कि नगर निगम का उद्देश्य शहर के प्रत्येक वार्ड में बुनियादी सुविधाओं को सुदृढ़ करना है। भारत सेवक नगर में गलियां बनने से आमजन की राह आसान होगी। अंडरग्राउंड नालियों के निर्माण से क्षेत्र में जल निकासी व्यवस्था मजबूत होगी और लोगों को गंदे पानी से होने वाली परेशानियों से राहत मिलेगी। मेयर ने कहा कि नगर निगम द्वारा शहर को स्वच्छ, सुंदर और सुविधाजनक बनाने के लिए लगातार विकास कार्य कराए जा रहे हैं। सड़कों, गलियों, नालियों, पार्कों और साफ. सफाई व्यवस्था को प्राथमिकता के आधार पर सुधारा जा रहा है। ताकि आम नागरिकों को बेहतर जीवन स्तर मिल सके।



**यमुनानगर।** के भारत सेवक नगर में गलियों के निर्माण का शिलान्यास करती मेयर सुमन बहमनी व पूर्व कैबिनेट मंत्री कंवरपाल।

**निर्माण कार्यों में गुणवत्ता का रखें विशेष ध्यान**

मेयर ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि निर्माण कार्य गुणवत्ता के साथ और तय समय सीमा में पूरा किया जाएए ताकि लोगों को जल्द से जल्द इसका लाभ मिल सके। मौके पर पूर्व पूर्व कैबिनेट मंत्री कंवरपाल ने कहा कि प्रदेश सरकार और नगर निगम मिलकर शहरी क्षेत्रों में आधारभूत ढांचे को मजबूत करने के लिए निरंतर प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि भारत सेवक नगर में गलियों और अंडरग्राउंड नालियों के निर्माण से क्षेत्र की तस्वीर बदलेगी और स्थानीय लोगों को आवागमन तथा जल निकासी से जुड़ी समस्याओं से स्थायी समाधान मिलेगा। मौके पर नगर निगम के सहायक अभियंता मुनेश्वर भारद्वाज व कनिष्ट अभियंता गगन आदि मौजूद रहें।

# उभरती टेक्नोलॉजी और रियल वर्ल्ड प्रोजेक्ट डेवलपमेंट के पहलुओं का ज्ञान करवाया

### आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और प्रोजेक्ट डेवलपमेंट पर लेक्चर का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

गुरु नानक खालसा कॉलेज में कंप्यूटर साइंस एंड एप्लीकेशंस विभाग ने ट्रेनिंग एंड एम्प्लॉयमेंट सेल के सहयोग से आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एंड प्रोजेक्ट डेवलपमेंट विषय पर एक एक्सपर्ट लेक्चर का आयोजन किया। इस लेक्चर का मकसद छात्रों और फैकल्टी को उभरती हुई टेक्नोलॉजी, मौजूदा इंडस्ट्री ट्रेंड्स और रियल वर्ल्ड प्रोजेक्ट डेवलपमेंट के प्रैक्टिकल पहलुओं से परिचित कराना था। डेल सॉफ्ट यमुना नगर के बृजपाल ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के बेसिक्स, अलग-अलग सेक्टर्स में इसके व्यापक एप्लीकेशंस और छात्रों के टेक्निकल स्किल्स और रोजगार क्षमता को बढ़ाने में प्रोजेक्ट बेस्ड लर्निंग के महत्व के बारे में जानकारी दी। कॉलेज प्रिंसिपल डॉ. अरविंदर सिंह भल्ला ने कहा कि इस तरह के एकेडमिक इंटरेशन क्लासरूम लर्निंग को इंडस्ट्री की जरूरतों से जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं और छात्रों को क्रिटिकल थिंकिंग, इनोवेशन और जॉब रेडी स्किल्स विकसित करने में मदद करते हैं। गवर्निंग बॉडी और मैनेजिंग कमेटी के प्रेसिडेंट सरदार रणदीप सिंह जौहर ने ट्रेनिंग एंड एम्प्लॉयमेंट सेल और कंप्यूटर साइंस एंड एप्लीकेशंस विभाग के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने छात्रों को आत्मविश्वास के साथ वैश्विक टेक्नोलॉजिकल चुनौतियों का सामना करने के लिए तैयार करने के लिए इंडस्ट्री ओरिएंटेड प्रोग्राम जरूरी हैं।



**यमुनानगर।** गुरु नानक खालसा कॉलेज में आयोजित कार्यक्रम में भाग लेते विद्यार्थी व अन्य। फोटो : हरिभूमि

**ये रहे मौजूद**

मौके पर डॉ. राजिंदर सिंह वोहरा, डॉ. किरणपाल सिंह विर्क, डॉ. तिलक राज, जसमीन कौर, भावना शर्मा, मिन्नी शर्मा व डोली अरोड़ा आदि मौजूद थे।

## विवाह शगुन योजना का पात्र नागरिक उठाएं लाभः प्रीति

**यमुनानगर।** प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही मुख्यमंत्री विवाह शगुन योजना समाज के सभी वर्गों की बेटियों और दिव्यांगजन की शादी में आर्थिक सहयोग प्रदान करने के उद्देश्य से चलाई जा रही है। यह योजना आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों को सशक्त बनाने और बेटियों के विवाह के लिए प्रोत्साहन देने का एक सराहनीय प्रयास है। उक्त जानकारी उपायुक्त प्रीति ने अपने कार्यालय में बातचीत करते हुए दी। उपायुक्त ने बताया कि मुख्यमंत्री विवाह शगुन योजना समाज में समानता और सशक्तिकरण का प्रतीक है। इस योजना का उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों को सहायता प्रदान करना और बेटियों की शादी में आर्थिक चिंताओं को कम करना है। उन्होंने सभी पात्र परिवारों से इस योजना का लाभ उठाए जाने और अपनी बेटियों के भविष्य को सुरक्षित और खुशहाल बनाए जाने के लिए आहवान किया। उपायुक्त ने बताया कि इस योजना के तहत अनुसूचित जाति, विमुक्त जाति व टपरीवास जाति के लाभार्थियों (जिनकी वार्षिक आय 1.80 लाख रुपये तक हो) की बेटियों के विवाह पर 71 हजार रुपये की अनुदान राशि प्रदान की जाती है।



# नहीं काटी जाएगी बुढ़ापा पेंशनः राणा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर

हरियाणा सरकार द्वारा बुजुर्गों की बुढ़ापा पेंशन काटे जाने को लेकर नगर पालिका रादौर के पार्षदों ने मुख्यमंत्री के नाम कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा को ज्ञापन सौंपा। उन्होंने कृषि मंत्री से बुजुर्गों की काटी गई बुढ़ापा पेंशन को बहाल किए जाने की मांग की।

नपा रादौर के पार्षद वरिष्ठ पार्षद भगवत दयाल कटारिया के नेतृत्व में सुबह के वक्त कस्बा स्थित कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा के निवास स्थान पर पहुंचे। इस दौरान उन्होंने मुख्यमंत्री के नाम कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा को सौंपे ज्ञापन में कहा कि प्रदेश में जब बुजुर्गों की पेंशन शुरु की गई थी। उस समय आय संबंधी कोई शर्त नहीं थी। केवल बुजुर्गों का बुढ़ापा पैंशन लेने के लिए साठ वर्ष आयु का होना शर्त थी। मगर अब सरकार ने काफी बुजुर्गों की आय ज्यादा बताकर उनकी पैंशन काट दी गई है। जिससे बुजुर्गों में रोष व्याप्त है। उनका कहना है कि हर परिवार में बुजुर्ग हैं। यदि किसी एक परिवार से किसी बुजुर्ग की बुढ़ापा पेंशन को आय अधिक बताकर काट दिया गया है तो पूरे परिवार पर इसका बूरा असर पड़ता है। वहीं, उन्होंने रादौर स्थित एसडीएम कार्यालय में ड्राइविंग लाइसेंस बनवाने के लिए मेडिकल बनवाने की सुविधा दिए जाने की मांग की गई। कृषि मंत्री ने कहा कि किसी भी वृद्ध की पेंशन नहीं काटने दी जाएगी।



**यमुनानगर।** रादौर में कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा को उनके निवास स्थान पर ज्ञापन सौंपते हुए पार्षद व अन्य। फोटो : हरिभूमि

**ये रहे मौजूद**

इस अवसर पर पार्षद विनिश राणा, अमित गुप्ता, राजीव आर्य सन्नी, चेयरमैन धर्म सिंह बंचल, मंडल अध्यक्ष कृष्ण कांबोज, ऋषिपाल नंबरदार, मोंटी नामदेव, सुदेश सैनी काला,अमनदीप छोटाबांस आदि मौजूद रहे।

# छात्रों को प्रधानमंत्री का परीक्षा पर चर्चा कार्यक्रम लाइव दिखाया



**रादौर।** राजकीय उच्च विद्यालय मंधार में शुक्रवार को परीक्षा पर चर्चा कार्यक्रम का सीधा प्रसारण बच्चों को दिखाया गया। कार्यक्रम में स्कूल के प्रधानाचार्य रोहित अरोड़ा ने मुख्य रूप से मौजूद रहे। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा बच्चों को परीक्षा पर चर्चा विषय पर प्रेरित किया गया। बच्चों ने प्रधानमंत्री के विचारों व उनकी ट्रिक को ध्यानपूर्वक सुना व समझा। इस चर्चा पर अनेक राज्यों से अलग.अलग आए हुए बच्चों ने प्रधानमंत्री से अनेक प्रश्न उत्तर किया और प्रधानमंत्री ने उनका बहुत सुंदर जवाब दिया। स्कूल के प्रधानाचार्य रोहित अरोड़ा ने बताया कि इस प्रकार की चर्चाओं के माध्यम से बच्चों के अंदर आत्मविश्वास, अनुशासन आत्मगुण व अन्य कई प्रकार के नियमों का पालन करने की प्रेरणा मिलती है और गुणों का विकास होता है। स्कूल के बच्चों व स्टाफ सदस्यों ने प्रधानमंत्री जी की इस परीक्षा की चर्चा को खूब सराहा।

# विद्यार्थियों को दी एआई की जानकारी

- जेएमआईईटीआई इंजीनियरिंग कालेज में चार दिवसीय कार्यशाला का आगाज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर

जेएमआईईटीआई इंजीनियरिंग कॉलेज रादौर में शुक्रवार को चार दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग एआईएमएल शाखा व बीसीए के अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों के लिए कृत्रिम बुद्धिमत्ता विषय जानकारी दी गई। कार्यशाला में आईबीएम कंपनी से आमंत्रित विशेषज्ञ प्रशिक्षक विजय मुख्यरूप से मौजूद रहे।

उन्होंने विद्यार्थियों को कृत्रिम बुद्धिमत्ता की आधारभूत अवधारणाओं, इसके व्यावहारिक अनुप्रयोगों औद्योगिक उपयोगिता तथा भविष्य की संभावनाओं के विषय में विस्तृत जानकारी प्रदान की। कार्यशाला के दौरान विद्यार्थियों को सैद्धांतिक ज्ञान के साथ-साथ व्यावहारिक प्रशिक्षण भी दिया गया। कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को उद्योगोन्मुख एवं आधुनिक तकनीकी दक्षताओं से सशक्त बनाना था। जिससे वे भविष्य की चुनौतियों का सफलतापूर्वक सामना कर सकें। विद्यार्थियों ने कार्यशाला को अत्यंत उपयोगी एवं ज्ञानवर्धक बताया। संस्थान के निदेशक डा. विवेक शर्मा ने कहा कि इस प्रकार की तकनीकी कार्यशालाएं विद्यार्थियों को नवीनतम तकनीकों से जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। कार्यशाला के समापन अवसर पर संस्थान के प्रबंधनए प्राचार्य एवं संकाय सदस्यों ने आईबीएम कंपनी एवं प्रशिक्षक विजय का आभार व्यक्त किया।



**यमुनानगर।** कस्बा रादौर के जेएमआईईटीआई कॉलेज में आयोजित कार्यशाला में भाग लेते विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि



**यमुनानगर।** में परियोजनाओं का निरीक्षण करते हुए विधानसभा पर्यावरण प्रदूषण विषय समिति के अध्यक्ष एवं विधायक लक्ष्मण सिंह यादव व अन्य सदस्य।

# पर्यावरण को नहीं पहुंचना चाहिए नुक्सान : लक्ष्मण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

हरियाणा विधानसभा की पर्यावरण प्रदूषण विषय समिति के अध्यक्ष एवं कोसली के विधायक लक्ष्मण सिंह यादव के नेतृत्व में शुक्रवार को ट्विनसिटी की विभिन्न महत्वपूर्ण परियोजनाओं व स्थलों का निरीक्षण किया गया। इस दौरान समिति सदस्य एवं यमुनानगर विधायक घनश्याम दास अरोड़ा, समिति सदस्य एवं जगाधरी विधायक अकरम खान तथा समिति सदस्य एवं इंद्री के विधायक राम कुमार कश्यप भी उनके साथ मौजूद रहे। निरीक्षण का उद्देश्य जिले में पर्यावरण संरक्षण, कचरा प्रबंधन तथा सीवरेज व औद्योगिक अपशिष्ट के निस्तारण की वास्तविक स्थिति का आंकलन करना रहा। इससे पहले उन्होंने अधिकारियों की बैठक ली समिति अध्यक्ष लक्ष्मण सिंह यादव ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि किसी भी स्थिति में पर्यावरण को नुकसान नहीं पहुंचना चाहिए।

यमुना नहर अथवा अन्य जल स्त्रोतों में गंदा पानी छोड़ा जाना पूरी तरह रोका जाए। उन्होंने कहा कि प्रदूषण नियंत्रण केवल औपचारिकता नहींए बल्कि जनस्वास्थ्य और आने वाली पीढ़ियों की सुरक्षा से जुड़ा गंभीर विषय है। उन्होंने अधिकारियों से जिले में संचालित सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांटों, कचरा निस्तारण व्यवस्था तथा औद्योगिक इकाइयों से निकलने वाले अपशिष्ट जल के निस्तारण की विस्तृत जानकारी ली गई। समिति सदस्यों ने कार्यों की प्रगति, तकनीकी क्षमता और रखरखाव व्यवस्था पर भी सवाल किए तथा लंबित कार्यों को तय समय सीमा में पूरा करने के निर्देश दिए। इस दौरान समिति अध्यक्ष व सदस्यों ने कैल कचरा निस्तारण प्लांट का निरीक्षण किया। यहां कचरे के पृथक्करण, प्रसंस्करण तथा निस्तारण की प्रक्रिया का जायजा लिया। समिति अध्यक्ष ने प्लांट में स्वच्छता, मशीनरी के रखरखाव तथा पर्यावरण मानकों के पालन पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। इसके बाद समिति ने पुराना हमीदा हेड का निरीक्षण कर वहां से गुजरने वाले जल की स्थिति और संभावित प्रदूषण के स्त्रोतों की जानकारी ली।

**ये रहे मौजद**

इस अवसर पर उपायुक्त प्रीति, एसडीएम जगाधरी विश्वनाथ, जन स्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी विभाग के कार्यकारी अभियंता दिनेश गाबा, कार्यकारी अभियंता सौरव अहलावत, सिंचाई विभाग के कार्यकारी अभियंता विजय गर्ग आदि मौजूद रहे।

# हड़ताल में भाग लेने का किया आह्वान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा के यमुनानगर शाखा के सदस्यों ने शुक्रवार को मजदूर कर्मचारी विरोधी चारों लेबर कोड थोपने, लोकतंत्र पर हो रहे हमलों के विरोध समेत अपनी मांगो को लेकर जिला सचिवालय के समक्ष प्रदर्शन किया। इस दौरान उन्होंने सरकार के खिलाफ नारेबाजी की।

मौके पर उन्होंने विभिन्न विभागों के कार्यालयों में जाकर 12 फरवरी की राष्ट्रव्यापी हड़ताल में भाग लेने के लिए कर्मचारियों को आहवान किया। शुक्रवार को सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा के जिला प्रधान महिपाल सौदे, कैशियर रिंकू कुमार, नगर निगम से मुकेश, श्रीचंद, सवास्थ्य विभाग से विजय कुमार, करमजीत, दमकल विभाग से विजेंद्र सिंह व विरेंद्र धीमान के नेतृत्व में संघ के सदस्य जिला सचिवालय पहुंचे और प्रदर्शन किया। इस दौरान जिला प्रधान महिपाल सौदे ने कहा कि देश और प्रदेश गहरे सुनियोजित और बहुआयामी हमले के दौर से गुजर रहे हैं। पूंजीपतियों के भले के लिए निजीकरण व ठेकाकरण किया जा रहा है। केन्द्रीकरण और साम्प्रदायिकता को योजनाबद्ध ढंग से आगे बढ़ाया जा रहा है। सरकारी विभागों को जान बूझकर सिकोड़ा जा रहा है। हरियाणा कौशल रोजगार निगम, अग्निवीर और अन्य अस्थायी व्यवस्थाएं नियमित रोजगार की जगह कम वेतन, असुरक्षित और अपमानजनक काम को बढ़ावा दे रही हैं। वर्षों से कार्यरत कच्चे कर्मचारियों को न वेतन सुरक्षा है न सामाजिक सुरक्षा है।



**यमुनानगर।** जिला सचिवालय में प्रदर्शन करते हुए सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा के जिला शाखा के सदस्य।

**निर्णायक लड़ाई**

*यह हड़ताल केवल किसी एक विभाग या वर्ग की नहीं है। यह संविधान, सामाजिक न्याय, लोकतंत्र और जनसेवा को बचाने की निर्णायक लड़ाई है।*

# न्यू हैप्पी स्कूल में लीगल लिटरेसी स्पर्धा आयोजित





**यमुनानगर।** न्यू हैप्पी पब्लिक स्कूल, सुढैल में जिला स्तरीय लीगल लिटरेसी प्रतियोगिता का सफल एवं भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सुमित्रा कदिया, चीफ जूडिशल मैजिस्ट्रेट कम सेक्रेटरी डिस्ट्रिक लीगल सर्विस यमुनानगर मौजूद रही। वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में संजय कंबोज डिस्ट्रिक्ट कोऑर्डिनेटर लीगल लिटरेसी यमुना नगर मौजूद रहे। मुख्य अतिथि सुमित्रा ने बताया कि इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता की मेजबानी के लिए न्यू हैप्पी पब्लिक स्कूल सुढैल को चयनित किया गया जो विद्यालय परिवार के लिए अत्यंत गौरव का विषय रहा। इस अवसर पर विभिन्न प्रतियोगिताओं जिनमें निबंध लेखन प्रतियोगिता, वाद.विवाद प्रतियोगिता, सामाजिक विषयों पर डॉक्यूमेंट्री फिल्म निर्माण, स्लोगन लेखन एवं ऑन द स्पॉट पेंटिंग, भाषण प्रतियोगिताए लघु नाटक आदि प्रतियोगिता शामिल थीं। निबंध लेखन प्रतियोगिता के निर्णायक के रूप में रेनुका कपूर टीजीटीए हिंदी एवं श्री राजेश वर्मा पीजीटी, अंग्रेजी, ने अपनी भूमिका निभाई। वाद.विवाद प्रतियोगिता के लिए आरती कुमार पीजीटी अंग्रेजी एवं बनसी दास पीजीटी हिंदी ने निर्णायक मंडल का दायित्व संभाला।

## व्यासपुर उपमंडल के अधिकारियों ने कस्बे के पीडब्ल्यूडी विश्राम गृह में की बैठक, विधायक ने की अध्यक्षता

### व्यासपुर-साढ़ौरा में चल रहे विकास कार्यों की समीक्षा की

# सरकार की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना अधिकारियों की प्राथमिक जिम्मेदारीः शर्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

व्यासपुर के पीडब्ल्यूडी विश्राम गृह में उपमंडलस्तर के अधिकारियों की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता कालका की विधायक शक्ति रानी शर्मा ने की। बैठक में व्यासपुर-साढ़ौरा में चल रहे विकास कार्यों की समीक्षा की गई। कालका की विधायक शक्ति रानी शर्मा ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जो विकास कार्य प्रगति पर हैं उनमें तेजी लाई जाए। उन्होंने कहा कि विकास कार्यों की गुणवत्ता से कोई समझौता न किया जाए। उन्होंने कहा कि सरकार की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना अधिकारियों की प्राथमिक जिम्मेदारी है। विधायक शक्ति रानी शर्मा ने बैठक में सरकार की प्रमुख योजनाओं जैसे खेत खलियान योजना, शिव धाम योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, हर घर हर छत योजना, अमृत सरोवर योजना सहित अन्य जनकल्याणकारी योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। इसके अतिरिक्त उन्होंने क्षेत्र में कानून व्यवस्था, सडकों की स्थिति, ओवरलोड वाहनों की समस्याए अवैध खनन पर रोक, स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति सहित अनेक महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा की और संबंधित विभागों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को कहा कि आमजन की समस्याओं का समयबद्ध समाधान सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि सरकार क्षेत्र के समग्र विकास के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है और सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करें। बैठक के उपरांत विधायक शक्ति रानी शर्मा ने व्यासपुर बस स्टैंड के सामने स्थित अटल पुस्तकालय का भी भ्रमण किया। उन्होंने पुस्तकालय में उपलब्ध इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष राजेश सपरा ने भी सभी संबंधित अधिकारियों से विकास कार्यों की जानकारी ली और आवश्यक दिशा निर्देश दिए।



यमुनानगर के व्यासपुर में उपमंडलस्तरीय अधिकारियों की बैठक में दिशा निर्देश देते हुए विधायक शक्ति रानी शर्मा।

**ये रहे मौजूद**

*इस अवसर पर एसडीएम जसपाल सिंह गिल, डीएसपी हरविंदर सिंह, पूर्व विधायक साढौरा बलवंत सिंह, नगर पालिका साढौरा की चेयरपर्सन शालिनी शर्मा व मार्केट कमेटी साढौरा के अध्यक्ष नवीन भसीन आदि मौजूद रहे।*

**सुविधाओं का निरीक्षण किया**

सुविधाओं का निरीक्षण किया और संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि पुस्तकालय में सभी मूलभूत सुविधाएं जैसे साफ. सफाई, बैठने की उचित व्यवस्था, पर्याप्त प्रकाश, पुस्तकों की उपलब्धता तथा अन्य आवश्यक संसाधन सुनिश्चित किए जाएं। ताकि विद्यार्थी और आमजन इसका लाभ उठा सकें।

## खबर संक्षेप

### पिहोवा में भाजपा की बड़ी संगठनात्मक बैठक आज



**पिहोवा।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा 11 बजे पिहोवा के खुशवंत पैलेस में एक महत्वपूर्ण संगठनात्मक बैठक का आयोजन किया जा रहा है। बैठक की अध्यक्षता पिहोवा से पूर्व प्रत्याशी एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता पंडित जय भगवान शर्मा करेंगे। इस बैठक में हरियाणा विधानसभा उपाध्यक्ष एवं पिहोवा विधानसभा के प्रभारी कृष्ण लाल मिड्ढा विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। वे कार्यकतार्ओं को संबोधित कर संगठन को और अधिक मजबूत बनाने, बूथ स्तर तक सक्रियता बढ़ाने तथा आगामी कार्यक्रमों और रणनीतियों पर मार्गदर्शन देंगे।

### मेडिएशन फॉर द नेशन 2.0 अभियान शुरू : भारद्वाज

**थानेसर।** मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कुरुक्षेत्र की सीजेएम एवं सचिव मिस नीतिका भारद्वाज ने बताया कि जिला एवं सत्र न्यायधीश दिनेश कुमार मित्तल के मार्गदर्शन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा वैकल्पिक विवाद निवारण प्रणाली को बढ़ावा देने के उद्देश्य से एक विशेष जन-जागरूकता अभियान मेडिएशन फॉर द नेशन 2.0 अभियान की शुरूआत की गई है। यह अभियान भारत के न्यायिक तंत्र पर बढ़ते बोझ को कम करने और जनता को त्वरित, सरल, सुलभ तथा सौहार्दपूर्ण न्याय उपलब्ध कराने के लिए मध्यस्थता के महत्व को रेखांकित करता है।

### केयू फिल्म एसो. की वार्षिक बजट बैठक संपन्न

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के युवा एवं सांस्कृतिक कार्य विभाग के अंतर्गत कार्यरत केयू फिल्म एसोसिएशन की सत्र 2025-26 की वार्षिक बजट बैठक कुलसचिव प्रो. वीरेन्द्र पाल की अध्यक्षता में शुक्रवार को कमेटी रूम में सफलतापूर्वक आयोजित की गई। बैठक की शुरूआत पिछली वार्षिक बजट बैठक (20 मार्च 2025) में लिए गए निर्णयों की कार्यवाही रिपोर्ट की समीक्षा से हुई। इसके बाद 20 मार्च 2025 को आयोजित बैठक की मिनट्स की पुष्टि की गई।

### नवीन जिंदल फाउंडेशन का मेगा कैंप 9 को : जीत राम

**पिहोवा।** नवीन जिंदल फाउंडेशन की ओर से 9 फरवरी को पुराना शिव मंदिर में निशुल्क स्वास्थ्य शिविर लगाया जाएगा। इसमें विभिन्न बीमारियों की निशुल्क जांच की जाएगी। सांसद के हल्का प्रभारी जीत राम ने बताया कि इस्माइलाबाद के पुराने शिव मंदिर में 9 फरवरी को मेगा हेल्थ कैंप लगाया जाएगा। भाजपा नेताओं ने विशाल मेडिकल मेगा हेल्थ कैंप के पोस्टर को लेकर प्रचार भी किया। सुबह 10 बजे से चार बजे तक लगने वाले इस कैंप में नेत्र परीक्षण एवं उपचार, दांतों की जांच, स्त्री रोग, स्तन कैंसर स्क्रीनिंग, मोबाइल मेडिकल यूनिट द्वारा सामान्य स्वास्थ्य जांच, किशोरी दीदी वैन के माध्यम से एनीमिया जांच जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। इसमें प्रदेश के नामी चिकित्सक मरीजों की जांच करने पहुंचेंगे।

---

### पीएमश्री योजना के तहत जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का उद्घाटन

# खेल व्यक्तित्व को निखारने का सशक्त जरिया : उपायुक्त

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कुरुक्षेत्र

उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि खेल केवल मैदान पर जीत हासिल करने का माध्यम नहीं है, बल्कि यह हमारे व्यक्तित्व को निखारने और हमें अनुशासित बनाने का सशक्त जरिया है। उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा शुक्रवार को स्थानीय द्रोणाचार्य स्टेडियम में समग्र शिक्षा विभाग द्वारा पीएमश्री योजना के तहत आयोजित जिला स्तरीय खेल कूद प्रतियोगिताओं के उदघाटन अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि खिलाड़ियां को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि खेल से एक स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क का निवास होता है और पीएमश्री स्कूल जैसे संस्थान छात्रों को आधुनिक शिक्षा के साथ-साथ शारीरिक रूप से भी मजबूत बना रहे है। उपायुक्त ने कहा कि जब व्यक्ति बड़ा हो जाता है तो उसे अपने बचपन का खेल सदैव याद रहता है, इसलिए हमें जीवन में खेलना जरूर चाहिए, खेल खेलने से शरीर स्वस्थ रहता है और किसी तरह की कोई बीमारी भी नहीं लगती है। पीएमश्री स्कूल का लक्ष्य विद्यार्थियों को राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर की खेल प्रतियोगिताओं के लिए तैयार करना है। इस मौके पर जिला शिक्षा अधिकारी विनोद कौशिक ने उपायुक्त का स्वागत करते हुए बताया कि इन खेलों में 12 पीएमश्री राजकीय विद्यालय भाग ले रहे है।



**कुरुक्षेत्र।** प्रतियोगिता में भाग लेते प्रतिभागी।

#### जिले से करीब 176 विद्यार्थी लेंगे भाग

इस वर्ष 2025-26 में हरियाणा स्कूल शिक्षा परियोजना परिसर के तत्वाधान में विद्यार्थियों हेतु यह प्रतियोगिताएं आयोजित की जा रही है। इन प्रतियोगिताओं में जिले के खंडों में आयोजित खेल कूद प्रतियोगिताओं में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थी भाग ले रहे है। एक दिवसीय प्रतियोगिता में जिले से करीब 176 विद्यार्थी इन प्रतियोगिताओं में भाग ले रहे है। प्रतियोगिताओं में 100 मीटर रेस, 200 मीटर रेस, 400 मीटर रेस, लॉग जम्प, शॉटपुट, हाई जम्प, डिस्कस थ्रो और रिले रेस शामिल है। इस मौके पर डीपीसी कृष्ण कुमार, एपीएल प्रदीप कुमार सहित शिक्षा विभाग के अन्य अधिकारी व भारी संख्या में खिलाड़ी उपस्थित थे।

---

# ज्ञानेंद्रियों के माध्यम से प्राप्त ज्ञान ही मनुष्य को श्रेष्ठ बनाता : गोविंद महंत

- गीता कन्या विद्यालय में विद्या भारती के संगठन मंत्री गोविंद चंद्र महंत का प्रवास

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कुरुक्षेत्र



**कुरुक्षेत्र।** विद्यालय गतिविधियों का सचित्र संकलन पुस्तिका, विद्यालय विवरणिका तथा विद्यालय वार्षिक योजना का विमोचन करते अतिथिगण।

विद्या भारती हरियाणा एवं हिंदू शिक्षा समिति के संयुक्त तत्वाधान में अमीन मार्ग स्थित गीता कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान के संगठन मंत्री गोविंद चंद्र महंत एवं हिंदू शिक्षा समिति के वरिष्ठ उपाध्यक्ष चेतराम शर्मा का प्रवास रहा। विद्या भारती उत्तर क्षेत्र तथा अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान के कोषाध्यक्ष वीरेंद्र वालिया, विद्या भारती में पूर्णकालिक अधिकारी तथा श्रीमद्भागवत गीता वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के निदेशक अनिल कुलश्रेष्ठ, विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष राजेंद्र कलेर, उपाध्यक्ष डॉ जितेंद्र कुमार, कोषाध्यक्ष सुरेश सैनी, प्रबंधक बलबीर प्रकाश, शिक्षाविद डॉ हरि प्रकाश शर्मा, सदस्य डॉ राजेश अग्रवाल तथा प्राचार्या सुमन बाला उपस्थित रहे। प्रबंध समिति सदस्य डॉ राजेश अग्रवाल ने उन्हें स्व लिखित पुस्तकें भेंट की। उनके द्वारा विद्यालय गतिविधियों का सचित्र संकलन पुस्तिका, विद्यालय विवरणिका तथा विद्यालय वार्षिक योजना का विमोचन किया गया। संगठन मंत्री गोविंद महंत ने छात्राओं को बताया कि मनुष्य की इंद्रियाँ दो प्रकार की होती हैं— ज्ञानेंद्रियाँ और कर्मेंद्रियाँ। ज्ञानेंद्रियों के माध्यम से प्राप्त ज्ञान ही मनुष्य को श्रेष्ठ बनाता है। प्रवास के दौरान उनके द्वारा प्रबंध समिति,शिक्षकगण एवं कन्या भारती के सदस्यों की बैठक ली गई । प्रबंध समिति बैठक में उन्होंने विद्यालय की विशेषताओं तथा विद्यालय विकास एवं उपलब्धियों के बारे में चर्चा की।

## डीएसबी स्कूल में विद्यार्थियों ने किया सूर्य नमस्कार योगाभ्यास



**कुरुक्षेत्र।** देशभर में संचालित श्रीजयराम संस्थाओं के परमाध्यक्ष एवं श्रीजयराम शिक्षण संस्थान के चेयरमैन ब्रह्मस्वरूप ब्रह्मचारी की प्रेरणा से डी.एस.बी. इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल निवारसी लाडवा में सूर्य नमस्कार योग अभ्यास का आयोजन उत्साह एवं अनुशासन के साथ किया गया। इस योग सत्र में विद्यालय के सभी विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और सामूहिक रूप से सूर्य नमस्कार का अभ्यास किया। कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों में योग के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा उन्हें शारीरिक, मानसिक और आत्मिक रूप से स्वस्थ जीवन शैली अपनाने के लिए प्रेरित करना रहा। योग अभ्यास के दौरान विद्यार्थियों को सूर्य नमस्कार की सही विधि, श्वसन प्रक्रिया एवं इसके लाभों की जानकारी दी गई। विद्यालय के प्रिंसिपल महोदय एन सिंह ने स्वयं बच्चों को योग के महत्व के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि सूर्य नमस्कार न केवल शरीर को स्वस्थ रखता है, बल्कि मन को शांत, एकाग्र और सकारात्मक भी बनाता है।

---



**कुरुक्षेत्र।** स्वयंसेवकों के साथ मुख्यातिथि व शिक्षक।

## विद्यार्थियों की रचनात्मक प्रतिभा को मंच देने के लिए क्रिएटिव कोर्निकल आयोजित

**कुरुक्षेत्र।** डॉ बीआर अम्बेडकर लॉ कॉलेज, खेड़ी मारकंडा में विद्यार्थियों की रचनात्मक प्रतिभा को मंच प्रदान करने के उद्देश्य से क्रिएटिव कोर्निकल का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर कॉलेज परिसर उत्साह, रंग और रचनात्मक से सराबोर नजर आया। कार्यक्रम का शुभारभ कॉलेज की अध्यक्ष रेखा रानी प्रबंधन सदस्य कशिश व प्राचार्य डॉ सी आर जिलोवा के सानिध्य में हुआ। अतिथियों ने दीप प्रजवाल्लन कर कार्यक्रम की शुरूआत की। अपने संबोधन में अध्यक्ष रेखा रानी ने कहा कि ऐसे आयोजनों से विध्यार्थियो के सवार्गीण विकास को बढ़ावा मिलता है। प्रबंधन सदस्य कशिश ने छात्रो की रचनानात्मक सोच की सरहना करते हुए कहा कि शिक्षा के साथ साथ सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों भी अत्यंत आवश्यक है। प्राचार्य डॉ सीआर जिलोवा ने बताया की क्रिएटिव कार्निवल के अंतर्गत गायन, नृत्य, कला, ट अन्य रचनात्मक गतिविधियाँ आयोजित की गयी, जिनमे छात्रो ने बढ़ चढ़ कर भाग लिया। सम्पूर्ण कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ और इस कार्यक्रम में डॉ बी आर आंबेडकर कॉलेज ऑफ एजुकेशन के प्राचार्य व अध्यापकगण भी शामिल रहे। इसके अतिरिक्त स्प्रिंगफील्ड कॉन्वेंट स्कूल कुरुक्षेत्र के अध्यापक उपस्थित रहे।

---

### खाटू धाम मंदिर में करवाया संकीर्तन

# तू किरपा कर बाबा, कीर्तन करवाऊंगा... पर झूमे भक्त

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कुरुक्षेत्र



श्रीखाटू श्याम परिवार सेवा समिति (रजि.) द्वारा खाटू धाम मंदिर में भव्य श्री श्याम संकीर्तन कराया गया। मुख्य पुजारी आचार्य शंभु प्रसाद और प्रधान सुभाष सुखीजा ने श्रीश्याम जी का पुष्प श्रृंगार और अभिषेक किया। इस दौरान मंदिर में हवन किया गया, जिसमें समिति के सभी सदस्यों ने आहुतियां दी। कार्यक्रम के मुख्य यजमान सचिव अटल शर्मा, डॉ.पुलकित शर्मा परिवार की ओर से भंडारे की सेवा दी गई। संकीर्तन में श्रद्धालुओं ने पंक्तिबद्ध होकर भव्य श्याम दरबार के दर्शन किए। दरबार की आभा देखते ही बन रही थी। पुष्प श्रृंगार और इत्र की खुशबू से वातावरण महक उठा। गौरी-गणेश पूजन और माँ सरस्वती वन्दना से आरंभ हुए संकीर्तन में कैथल के गायक बहादुर सैनी ने श्याम भजनों की झड़ी लगाई जिनमें तू किरपा कर बाबा, कीर्तन करवाऊंगा..., दरबार अनोखा, सरकार अनोखी खाटू वाले की हर बात अनोखी..., देर न करों न करों इंतजार श्याम जी के चरणों से कर ले तू प्यार..., शायद मेरे बाबा को ख्याल हमारा आया है इसलिए बाबा ने हमें कीर्तन में बुलाया है... और जिसकी चौखट पे झुकता ये संसार है उस चौखट के हम सेवादार हैं... इत्यादि भजन सराहे गए। देर रात्रि तक चले भजनों पर श्रद्धालु झूम उठे। श्याम जी के जयकारों से सारा वातावरण गुंजायमान हुआ। संकीर्तन में श्याम भक्तों ने बारी-बारी से चंवर सेवा की। संकीर्तन के पश्चात आरती हुई और फिर श्याम जी का पुष्प श्रृंगार भक्तों को प्रदान किया गया।

---



**कुरुक्षेत्र।** स्वयंसेवकों के साथ मुख्यातिथि व शिक्षक।

## नशा कर देगा जवानी खराब, युवाओं को रहना होगा बचकर : डा. अंजू बाला

**कुरुक्षेत्र।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बारना की एसएमओ डा. अंजू बाला ने कहा है कि नशा जवानी को खराब कर देता है, इसलिए युवा वर्ग को इस नशा रूपि बीमारी से बचकर रहना होगा। आजकल नशे के अनेक प्रकार है, जिससे बच्चों को विशेष रूप से संभलना चाहिए। डा. अंजू बाला शहीद सुरेंद्र कुमार पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में सात दिवसीय एनएसएस शिविर के शुभारंभ अवसर पर बतौर मुख्यातिथि बच्चों के साथ रूबरू हो रही थीं। शिविर की अध्यक्षता हरियाणा ग्रामीण बैंक बारना के शाखा प्रबंधक मोहित शर्मा ने की। यहां पहुंचने पर एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी राजवीर सिंह, शिक्षक बलवान शर्मा, प्रवीण कुमार, रामप्रसाद, गुरमेल ने अतिथियों का स्वागत किया। एसएमओ डा. अंजू बाला व मैनेजर मोहित शर्मा ने अपने जीवन के अनुभवों को स्वयंसेवकों के साथ साझा किया। डा. अंजू बाला ने अपने स्कूल समय को याद करते हुए कहा कि वे स्वयं भी एनएसएस की स्वयंसेविका रही हैं। उसे पता है कि एनएसएस युवाओं को अपने जीवन में अनुशासन व राष्टप्रेम को जागृत करता है। स्वयंसेवकों को चाहिए कि वे शिविर के दौरान श्रमदान के साथ-साथ अपने में बढौतरी करें। हरियाणा ग्रामीण बैंक के ब्रांच मैनेजर मोहित शर्मा ने भी अपने अनुभवों को स्वंयसेवकों के साथ साझा किया।

---

# डीसी ने रेडक्रॉस भवन और फिजियोथेरेपी सेंटर का किया निरीक्षण, दिए जरूरी निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कुरुक्षेत्र

उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि जिला रेडक्रॉस समिति द्वारा संचालित गतिविधियों का लाभ आमजन तक पहुंचाने के लिए आवश्यक है कि रेडक्रॉस समिति ग्रासरूट स्तर पर जाकर प्रभावी ढंग से कार्य करे। यह विचार जिला उपायुक्त एवं रेड क्रॉस समिति के अध्यक्ष उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा शुक्रवार को रेडक्रॉस भवन में समिति द्वारा संचालित विभिन्न परियोजनाओं के निरीक्षण करने उपरांत अधिकारियों को कुछ आवश्यक दिशा निर्देश दे रहे थे। इससे पहले उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने रेडक्रॉस भवन का निरीक्षण किया और वहां पर दिव्यांगजनों के लिए स्थापित वर्कशॉप का निरीक्षण करते हुए अधिकारियों को मौके पर ही इस वर्कशॉप को और अधिक सुदृढ़ बनाने के निर्देश दिए तथा आवश्यक उपकरण उपलब्ध करवाने के निर्देश दिए। उन्होंने वरिष्ठ नागरिकों एवं जरूरतमंद लोगों के लिए संचालित फिजियोथेरेपी सेंटर का भी अवलोकन किया। और इस सेवा के विस्तार की आवश्यकता जताई ताकि अधिक से अधिक लाभार्थियों को इसका लाभ मिल सके। उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने युवाओं के लिए शुरू किए गए फर्स्ट एड एवं होम नर्सिंग प्रशिक्षण कार्यक्रम के प्रशिक्षण हॉल का भी दौरा किया। इस अवसर पर रेडक्रॉस सचिव श्याम सुंदर, जिला प्रशिक्षण अधिकारी अंजू कश्यप, प्रोजेक्ट मैनेजर विकास आदि मौजूद रहे।



**कुरुक्षेत्र।** रेडक्रॉस भवन का निरीक्षण करते उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा।

### वायरल लोड नियंत्रित होने पर एचआईवी संक्रमण का खतरा नहीं

**कुरुक्षेत्र।** डिप्टी सिविल सर्जन एवं एचआईवी कार्यक्रम के जिला नोडल अधिकारी डॉ. रमेश सबरवाल ने कहा कि एचआईवी पीड़ित रोगियों के रक्त के 1 मिली में जब वायरल लोड की संख्या 150 प्रतियों से कम हो जाती हैं, तो उनके शरीर से दूसरे व्यक्ति को संक्रमण नहीं हो सकता। इसके लिए जरूरी है कि एचआईवी पीड़ित रोगी चिकित्सक की सलाह अनुसार अपनी दवाइयां और जांच समय-समय पर करवाते रहें। चिकित्सा अधिकारी डॉ. सराह अग्रवाल शुक्रवार को लोकनायक जयप्रकाश जिला नागरिक अस्पताल में चिकित्सा अधिकारियों की बैठक को संबोधित कर रहे थे। बैठक में डिप्टी सिविल सर्जन डॉ.विमल, वरिष्ठ अधिकारी डॉ.तेजेंद्र सिंह चौहान, प्रशासनिक अधिकारी डॉ. गुरप्रीत सिंह, परामर्श-फिजिशियन डॉ.शैलेंद्र ममगाईं शैली, दंत रोग विशेषज्ञ डॉ.जागृति शर्मा चिकित्सा अधिकारी मौजूद रहे।

---

# निरंतर परिश्रम से सफलता के शिखर को छू सकते हैं विद्यार्थी : भास्करानंद

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कुरुक्षेत्र

- गीता निकेतन आवासीय विद्यालय में आशीर्वाद समारोह का आयोजन

गीता निकेतन आवासीय विद्यालय में कक्षा द्वादश के विद्यार्थियों के लिए आशीर्वाद समारोह का आयोजन किया गया। समारोह का शुभारंभ विधिपूर्वक हवन के साथ हुआ। हवन उपरांत विद्यालय के प्राचार्य नारायण सिंह ने समारोह में उपस्थित अतिथि महानुभावों का परिचय करवाया। तत्पश्चात कक्षा द्वादश के विद्यार्थियों ने विद्यालय में बिताए अपने अनुभव साझा करते हुए विद्यालय एवं आचार्यों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त की। इसके पश्चात कक्षा द्वादश के कक्षाचार्यों ने अपने आशीर्वचनों द्वारा विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया। छात्रावास के मुख्य पर्यवेक्षक भास्करानंद ने विद्यार्थियों को परंपरा संवाहक कहते हुए राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने तथा निरंतर परिश्रम के माध्यम से सफलता के शिखर को छूने की शुभकामनाएं प्रदान की। उन्होंने समय प्रबंधन, सकारात्मक सोच, नियमित अध्ययन एवं आत्मविश्वास बनाए रखने पर विशेष बल दिया। विद्यालय के प्राचार्य नारायण सिंह ने विद्यार्थियों को अपने पूर्व अनुभवों से सीख लेने तथा सोच-समझकर उचित मार्ग का चयन करते हुए जीवन में आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। इस अवसर पर प्रत्येक विद्यार्थी को सामूहिक छायाचित्र के रूप में एक स्मृति-चिह्न प्रदान किया गया। समारोह में विद्यालय प्रबंध समिति की उपाध्यक्षा डॉ. ममता सचदेवा, प्रबंधक पवन गुप्ता, कोषाध्यक्ष रणधीर वालिया की गरिमामयी उपस्थिति ने कार्यक्रम की शोभा को बढ़ाया।



---

# तहसीलदारों की पैन डाउन हड़ताल से कामकाज प्रभावित

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कुरुक्षेत्र

पटवारी और कानूनगो की तीन दिन की हड़ताल के बाद वीरवार से नायब तहसीलदार, तहसीलदार और जिला राजस्व अधिकारियों ने पेन डाउन हड़ताल रखी। अनिश्चितकालीन हड़ताल के कारण शुक्रवार को भी तहसीलों में पूरा दिन कामकाज ठप रहा। पटवारी और कानूनगो की रिपोर्ट कराने के बाद भी तहसील में लोग अपना काम नहीं करा पाए। रजिस्ट्री कराने के लिए लोग पूरे दिन तहसील के चक्कर काटते रहे, उनको दिनभर परेशानी का सामना करना पड़ा। हरियाणा रेवेन्यू ऑफिसर एसोसिएशन के बैनर तले राजस्व अधिकारियों ने वीरवार को पेन डाउन हड़ताल रखी। घरौंडा के नायब तहसीलदार अरविंद यादव और अन्य अधिकारियों ने बताया कि गुरुग्राम के वजीराबाद में नायब तहसीलदार नरेंद्र कुमार को बिना जांच के निलंबित कर दिया गया है, इसके अलावा तहसील में स्टांप ड्यूटी से संबंधित मामलों में विभागीय जांच के बजाय पुलिस प्राथमिकी दर्ज करने लगी है। अधिकारियों की गलती को भ्रष्टाचार से जोड़ा जा रहा है। नारायणगढ़ के नायब तहसीलदार के खिलाफ पीसी एक्ट में प्राथमिकी दर्ज करने की सिफारिश पुलिस ने की है। यह जान बूझकर नहीं बल्कि गलती से हुआ है। इसे ठीक भी किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि उनकी मांगों को नहीं माना तो वे हड़ताल बढ़ाने को मजबूर होंगे।

---

**धर्म-कर्म** | मंदिर की ओर से सीएम सैनी को दिया निमंत्रण, कैबिनेट मंत्री कृष्ण भी होंगे शामिल

### 14 को 11 जरूरतमंद परिवारों की कन्याओं का सामूहिक विवाह करवाया जाएगा

# संगमेश्वर धाम अरूणाय में महाशिवरात्रि मेले की तैयारियां शुरू, लाखों श्रद्धालु करेंगे जलाभिषेक

हरिभूमि न्यूज ▸▸| पिहोवा

संगमेश्वर महादेव मंदिर अरूणाय में महाशिवरात्रि मेले की तैयारियां जोरों पर शुरू हो गई है। 14 और 15 फरवरी को महाशिवरात्रि के अवसर पर लाखों श्रद्धालु भोलेनाथ का जलाभिषेक करने पहुंचेंगे। मंदिर सेवादल के प्रबंधक भूषण गौतम ने बताया कि श्री पंचायती अखाड़ा महानिवार्णी के सचिव एवं अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष महंत रविंद्र पुरी और सचिव महंत विश्वनाथ गिरी के सानिध्य में 11 फरवरी को विशाल शोभायात्रा निकाली जाएगी। जिसे अनाज मंडी से कैबिनेट मंत्री कृष्ण बेदी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे।



**पिहोवा।** सीएम नायब सैनी को निमंत्रण देते सेवादल प्रबंधक भूषण गौतम व अन्य।

#### 14 हजार स्क्वायर फीट में लंगर भवन का जीर्णोद्धार कार्य पूरा

14 फरवरी को 11 जरूरतमंद परिवारों की कन्याओं का सामूहिक विवाह मंदिर की ओर से कराया जाएगा। कार्यक्रम में शामिल होने के लिए मुख्यमंत्री नायब सैनी को भी मंदिर की ओर से आमंत्रित किया गया है। इस बार श्रद्धालुओं को मंदिर में खास सुविधाएं मिलने वाली हैं। श्रद्धालुओं के लिए 14 हजार स्क्वायर फीट में लंगर भवन का जीर्णोद्धार कार्य पूरा कर लिया गया है। जिसमें एक बार में साढ़े छह हजार श्रद्धालु भोजन प्रसाद ग्रहण कर सकेंगे। मंदिर की ओर से प्रयास किया जा रहा है कि मुख्यमंत्री नायब सैनी कन्याओं के सामूहिक विवाह में शामिल होकर नए लंगर भवन का उद्घाटन करें। इसके लिए उनसे मुलाकात करके निमंत्रण भी दिया गया है। इसके अलावा श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए महिलाओं के लिए 20 नए शौचालय, 20 शौचालय पुरुषों के लिए, पांच-पांच स्नान घर इंटरनल और 10 ओपन स्नान घर पुरुष बनाए गए हैं। भूषण गौतम ने बताया कि इस वर्ष श्रद्धालुओं को जलाभिषेक के लिए गंगाजल उपलब्ध कराया जाएगा मंदिर के बाहर 35 हजार लीटर का टैंक स्थापित किया गया है। अंदर तीन-तीन हजार लीटर के दो टैंक गंगाजल से भरे रहेंगे। इसके अलावा 15 हजार लीटर की एक अतिरिक्त गाड़ी भी गंगाजल से भरकर बाहर तैयार रखी जाएगी। लगभग 56 लीटर के करीब गंगाजल की व्यवस्था महाशिवरात्रि पर मंदिर की ओर से की गई है।

